तेरी ज्योत जगाऊँ दिन रात

तेरी ज्योत जगाऊँ दिन रात,
मेरा मन ऐसा करे,
ऐसा करे ऐसा करे मन मेरा ऐसा करे,
तेरी ज्योत जगाऊँ दिन रात,

तेरी बगियाँ का फूल बन जाऊ,
तेरे चरणों की धूल बन जाऊ,
मुझे गोदी में बिठा के करो प्यार,
मेरा मन ऐसा करे,
तेरी ज्योत जगाऊँ दिन रात

करू चरनन में तन मन अर्पण,
देदो बाबा मुझको दर्शन,
मुझे चरणों से लगा लो एक बार,
मेरा मन ऐसा करे,
तेरी ज्योत जगाऊँ दिन रात

एक झलक तेरी पाने को,
मन करता शिरडी आने को,
तुम्हे भजन सुनाऊ दिन रात,
मेरा मन ऐसा करे,
तेरी ज्योत जगाऊँ दिन रात

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6065/title/teri-jyot-jaagau-din-raat-mera-man-esa-kare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |